देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 251 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 11 जनवरी 2022

विचार-प्रवाह...क्वाड भी मौन





मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 8.0° | 42243.41 | 2 म्यांमार का एक और क्रूर फैसला | 7 विराट कोहली इन, विहारी होंगे आउट?

# केंद्र व पंजाब सरकार को जांच रोकने का आदेश

## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी जांच

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक ममाले की जांच सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी। मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत कमेटी गठित करने के लिए राजी हो गई है। साथ ही केंद्र व पंजाब सरकार को अपनी-अपनी जांच रोकने का आदेश दिया गया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। पंजाब सरकार ने भी माना है कि सुरक्षा में चूक हुई है, लेकिन हम यह तय कर रहे हैं कि जांच का दायरा क्या होगा।

इससे पहले सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने शीर्ष अदालत से मांग की थी कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और एक कमेटी उसकी देखरेख में गठित की जाए। हालांकि, केंद्र का कहना था कि उसकी ओर से एक कमेटी पहले से बनाई गई है। केंद्र कमेटी की जांच रिपोर्ट कोर्ट को सौंपेगा और समीक्षा करके उसी रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट कार्रवाई तय करे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट इस पर राजी नहीं हुआ।

**पंजाब सरकार को केंद्रीय कमेटी पर भरोसा नहीं**

केंद्र ने कहा कि मामले में कार्रवाई उनकी रिपोर्ट के आधार पर की जाए। केंद्र जांच पूरी करके रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंप देगा, उसकी समीक्षा करके कार्रवाई की जा सकती है। इस पर पंजाब सरकार ने आपत्ति जताई। कहा कि केंद्र की ओर से बनाई गई समिति में एनएसजी के अधिकारी हैं। अन्य केंद्रीय अधिकारी हैं। इसलिए उसे उनकी कमेटी पर विश्वास नहीं है।



**अचानक तय नहीं हुआ था पीएम का दौरा**

केंद्र सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पंजाब में पीएम मोदी का दौरा अचानक तय नहीं हुआ था। इसके लिए चार जनवरी को रिहर्सल भी हुआ था। पंजाब के उच्चधिकारियों को उनके दौरे के बारे में पूरी जानकारी थी। यह भी पता था कि मौसम खराब हुआ तो पीएम सड़क मार्ग से भी जा सकते हैं। मेहता ने बताया कि पीएम के दौरे में डीजीपी व चीफ सेक्रेटरी या फिर उनका प्रतिनिधि पीएम के साथ चलता है।

**केंद्र व राज्य की ओर से जारी किए गए कारण बताओ नोटिस**

पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राज्य के सात अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। उनसे पूछा गया है कि पीएम की सुरक्षा में चूक मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। वहीं केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में कहा कि पूरे मामले में डीजी और खुफिया अधिकारी जिम्मेदार हैं। क्योंकि उनकी ओर से रोड ब्लॉक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। कारण बताओ नोटिस जारी करने का यही आधार है। केंद्र की ओर से इस मामले में पंजाब के डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**पुलिस पर लापरवाही का आरोप**

केंद्र सरकार ने कहा कि सुरक्षा एजेंसी और राज्य की पुलिस एक-दूसरे के संपर्क में थे। केंद्र की तरफ से राज्य पुलिस को पत्र भेजे गए थे, जिसमें किसानों के धरने को लेकर चेतावनी भी थी। बावजूद इसके पुलिस ने ना तो वरिष्ठ अधिवक्ता ने कारण बताओ नोटिस जारी करने प्रधानमंत्री के लिए सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था की और ना ही सड़क को खाली कराया। गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पंजाब पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने सुरक्षा से जुड़े 'ब्लू बुक' नियमों का पालन नहीं किया है।

**क्या है पूरा मामला?**

पीएम मोदी पंजाब के फिरोजपुर पहुंचकर 42,750 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखने वाले थे। इसके लिए उन्हें सड़क के रास्ते से राष्ट्रीय शहीद स्मारक ले जाया जा रहा था क्योंकि खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर से जाना संभव नहीं था। लेकिन कार्यक्रम स्थल से कुछ दूरी पर किसानों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क को ब्लॉक कर लिया, जिसके चलते प्रधानमंत्री का काफिला 15-20 मिनट तक फ्लाईओवर पर ही फंसा रहा। सड़क खाली नहीं होने की स्थिति में उन्हें अपनी रैली रद्द कर वापस लौटना पड़ा। मंत्रालय ने इस मामले में राज्य सरकार से रिपोर्ट देने को भी कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत और चीन के बीच 14वें दौर की बातचीत 12 को

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में जारी तनाव को कम करने के लिए भारत और चीन के बीच सैन्य स्तर की वार्ता की तारीख तय कर दी गई है। दोनों देशों की वरिष्ठ सर्वोच्च सैन्य कमांडर स्तर वार्ता का 14वां दौर 12 जनवरी की सुबह शुरू होगा। वार्ता चीन की ओर चुशुल-मॉल्डो में होगी। इस दौरान भारत सीमा विवाद को लेकर जारी तनाव को कम करने की कोशिश करेगा।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हुए कोरोना पाजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना तेज रफ्तार के साथ पांव पसार रहा है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कोरोना पाजिटिव हो गए हैं। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि मैंने आज हल्के लक्षणों के साथ कोरोना पाजिटिव आया हूं। मैं होम क्वारंटाइन में हूं। मैं उन सभी से अनुरोध करता हूं जो हाल ही में मेरे संपर्क में आए हैं, खुद को अलग करने और टेस्ट करने का अनुरोध करता हूं।

# देश में कोरोना संक्रमण की स्पीड पर नहीं लग रहा ब्रेक

## कोरोना के 1 लाख 79 हजार नए मामले, 12.6 फीसद बढ़े केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण की स्पीड पर ब्रेक नहीं लग रहा है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 1,79,723 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 46,569 मरीज कोरोना से रिकवर भी हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना से रविवार को 146 लोगों की मौत हो गई है।

देश में कोराना के कुल मामले 3,57,07,727 हो गए हैं। वहीं, एक्टिव केस बढ़कर अब 7,23,619 हो गए हैं। कोरोना से अब तक 3,45,00,172 लोग रिकवर हो चुके हैं। वहीं, अब तक 4,83,936 मरीज अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके साथ ही डेली पाजिटिविटी रेट बढ़कर 13.29 फीसद जबकि साप्ताहिक पाजिटिविटी दर बढ़कर 7.92 फीसद हो गई है।

**12.6 फीसद बढ़े केसः** रविवार को कोरोना के मामलों में शनिवार के मुकाबले बड़ा इजाफा देखा गया है। शनिवार के मुकाबले 12.6 फीसद केस बढ़े हैं। बता दें कि शनिवार को कुल 1,59,632 नए मामले सामने आए थे। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने बताया कि भारत में कल यानी रविवार को कोरोना वायरस के लिए 13,52,717 सैंपल टेस्ट किए गए। कल तक कुल 69,15,75,352 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं।

**कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच अस्पतालों को तैयार रखें**

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को चिट्ठी लिखी है। इसमें राज्यों से हालात पर पैनी नजर बनाए रखने के लिए कहा गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे गए पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि मौजूदा स्थिति में कोरोना के मामलों में आए उछाल के बीच पांच से 10 फीसदी सक्रिय मामलों को ही अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता है। हालात तेजी से बदल रहे हैं और रोजाना मामलों की गति भी तेज हो रही है। ऐसे में अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ सकती है।

**27 राज्ये में ओमिक्रोन के 4,033 मामलेः** उधर, देश में ओमिक्रोन के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 4,033 हो गई है। ओमिक्रोन के 4,033 मरीजों में से 1,552 मरीज डिस्चार्ज हो गए हैं।

ओमिक्रोन के सबसे ज्यादा मामले 1,216 महाराष्ट्र में हैं। वहीं, राजस्थान इस लिस्ट में दिल्ली से आगे हो गया है। राजस्थान में ओमिक्रोन के 529 और दिल्ली में 513 मरीज हैं।

# हरिद्वार धर्म संसद में आपत्तिजनक भाषणों का मामला पहुंचा सुको

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित रूप से हिंसा भड़काने वाले हरिद्वार धर्म संसद के भाषणों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई की गुजारिश की। सर्वोच्च अदालत की खंडपीठ ने सिब्बल को आश्वासन दिया कि उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश और वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश और पत्रकार कुर्बान अली की ओर से दायर याचिका पर बिना देर किए सुनवाई की जाएगी। याचिका में हरिद्वार धर्म संसद सम्मेलन में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति हिंसा भड़काने वाले लोगों की गिरफ्तारी और उन पर मुकदमा चलाने की मांग की गई है।

कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए कहा कि लगता है देश का नारा सत्यमेव जयते से बदलकर शस्त्रमेव जयते कर दिया गया है। हम बहुत खतरनाक समय में रह रहे हैं जहां देश में नारे सत्यमेव जयते से बदलकर शस्त्रमेव जयते हो गए हैं। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने सिब्बल से पूछा कि क्या मामले की कोई जांच पहले से ही चल रही है तो सिब्बल ने जवाब दिया कि प्राथमिकी दर्ज की गई है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई है।

सिब्बल ने कहा कि घटना उत्तराखंड में हुई है। ऐसे में सर्वोच्च अदालत के हस्तक्षेप के बिना दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की आशंका है। इस पर मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने कहा कि ठीक है हम मामले को देखेंगे। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि 17 से 19 दिसंबर 2021 के दौरान हरिद्वार में यति नरसिंहानंद और दिल्ली में हिंदू युवा वाहिनी द्वारा नफरत भरे भाषण दिए गए थे।

**मांग**

■स्वतंत्र जांच की मांग पर सर्वोच्च अदालत करेगी सुनवाई


*Are you Planning to make a Website or already have?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# उत्तराखंड में मिलें 1292 नए संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड में बीते 24 घंटे में 1292 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं पांच मरीज की मौत हुई है। कुल मृतकों की संख्या 7429 हो गई है। संक्रमण दर 07.57 प्रतिशत हो गई है। जबकि 294 संक्रमित ठीक हुए हैं। 5009 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। कुल संक्रमितों की संख्या 352177 हो गई है।

**पांच मरीजों की हुई मौत, तीन डॉक्टर दस एमबीबीएस छात्र संक्रमित**

सोमवार को प्रदेश में एक दिन में 1292 लोग कोरोना की चपेट में आए हैं। राज्य में कुल 332949 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। रिकवरी दर 94.54 प्रतिशत दर्ज की गई। जबकि देहरादून जिले में सबसे अधिक 441 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं।

नैनीताल में 220, हरिद्वार में 254, पिथौरागढ़ में 12, अल्मोड़ा में 36, ऊधमसिंह नगर में 193, चंपावत में 07, टिहरी में 28, उत्तरकाशी में 09, बागेश्वर में 07, पौड़ी में 56, चमोली में 15, रुद्रप्रयाग में 14 संक्रमित मिले हैं। श्रीनगर राजकीय मेडिकल कॉलेज में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को यहां तीन डॉक्टर और 10 एमबीबीएस छात्र-छात्राओं की रिपोर्ट पॉजिटिव आई।